Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- कर्तव्यपरायणता के साथ असाधारण प्रदर्शन करने वाले 70 अधिकारी/कर्मचारी एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित।

**जयपुर, 28 जून, शनिवार।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने शुक्रवार को झालाना डूँगरी, जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय में **एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह में 70** अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

**महानिदेशक डॉ. मेहरडा** ने सम्मानित होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप राजस्थान एसीबी ने भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई की है। हमने प्रयास किया है कि हम आमजन के दिल को विश्वास के साथ छू सकें और उन्हें भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक कर सकें।

**ब्यूरो प्रमुख डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** नें कहा कि एसीबी राजस्थान में कार्यबल कम है परन्तु हमारे सतत् प्रयास के कारण जिसके चलते पूरे मनोयोग से हमनें आमजन में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होनें कहा कि एसीबी **हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सअप हेल्पलाईन 94135–02834** को भी हमने सुदृढ बनाया है जिसके परिणाम स्वरूप आमजन द्वारा लगातार हमें सूचना देकर मदद की है, जिससे हमारी कार्यवाहियों में इजाफा हुआ है।

**एसीबी महानिदेशक डॉ. मेहरडा** ने कहा कि आज एसीबी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य प्रदर्शन कर्तव्य परायणता तथा सराहनीय कार्य के फलस्वरूप डीजी डिस्क व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित तथा साथ ही एसीबी की पूरी टीम भविष्य में भी इसी लग्न एवं निष्ठा से कार्य करते रहेंगे और ज्यादा से ज्यादा आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति सजग एवं जागरूक बनायेगें।

**इस अवसर पर** अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, उप महानिरीक्षक श्री राहुल कोटोकी, श्री राजेश सिंह, श्री कालूराम रावत, श्री अनिल कुमार, श्री हरेन्द्र महावर, श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल, श्री शिवराज मीना, पुलिस अधीक्षक–प्रशासन डॉ. प्यारे लाल शिवरान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु, श्री ज्ञान प्रकाश नवल, उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेश कुमार स्वामी, श्री पारसमल पंवार, श्री परमेश्वर लाल यादव, पुलिस निरीक्षक श्री रघुवीर शरण, श्री सीताराम सोनी, श्री सज्जन कुमार, श्रीमती सरोज धायल, उप निरीक्षक श्री मनोज कुमार, सहायक उप

निरीक्षक श्री सुनील कुमार, श्री ताराचन्द खींची, श्री ज्ञानचन्द शर्मा, मुख्य आरक्षक श्री सुरेश चन्द वर्मा, श्री चन्द्रकान्त व्यास, श्री जगदीश राम, श्री रमेश चन्द मीणा, श्री भगवत सिंह झाला, श्री नरेश कुमार, श्री दौलतराम, श्री अमित ढाका, श्री राकेश कुमार, श्री कालूराम कुमावत, श्री राजेन्द्र यादव, कानिस्टेबल श्री फूलचन्द, श्रीमती पिंकी कंवर शेखावत, श्री रघुनन्दन पांडे, श्री विरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री अर्जुन टांडी, श्री मनु शर्मा, श्री इन्द्र सिंह राठौड़, श्री अजय कुमार, श्री धमेन्द्र कुमार, श्री बाबूलाल शर्मा, श्री ओमप्रकाश निठारवाल, श्री ऋषि कपूर, श्री विनोद कुमार, श्री मूलचन्द सैनी, श्री कन्हैयालाल, श्री मदन लाल जाट, श्री नमोनारायण मीणा, श्री श्रवण कुमार कानिस्टेबल चालक श्री हरसहाय, श्री बजरंग लाल, श्री गोविन्द सिंह, को महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं श्री शंकर सिंह, च.श्रे. कर्मचारी को महानिदेशक प्रशस्ति पत्र से सम्मनित किया गया।

साथ ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, में पदस्थापित श्रीमती सुमन मान्तुवाल, सहायक निदेशक, श्रीमती अरूणा, कनिष्ठ अभियंता, श्री अनिल कौशिक, अति. प्रशासनिक अधिकारी (निजी सहयक), श्री जयप्रकाश, श्री नरपत सिंह, वरिष्ठ सहायक, श्री शिवराज सिंह, श्री हनुमान प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक, श्री भरत सिंह, श्री ईश्वर लाल, हैड कानि. को एसीबी के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में हैड कानि. चालक श्री जीवण राम, कानि. श्री भंवर सिंह, श्री लांगाराम, श्री हरसहाय, श्री शब्बीर अली, श्री बंशीलाल को भी महानिदेशक पुलिस राजस्थान सेवा डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 154 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्तम, अति उत्तम एवं सर्वोत्तम सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।